प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 21 जून 2021। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेंशन स्टेडियम में आज प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योग कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

योग कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के योगाचार्य श्री ओम वीर सिंह एवं श्री यशवंत सिंह द्वारा मंत्रोपजाप के उपरान्त विभिन्न योगासनों व प्राणायम का उपस्थितजनों को दोहराने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी; शारीरिक शिक्षा अनुभाग के सह निदेशक, डा. एच.एस. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी सहित विश्वविद्यालय के अनेक कर्मचारियों एवं परिसरवासियों ने योगाचार्य का अनुसरण किया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, ने योग एवं इसके लाभ पर अपने विचार प्रकट किये तथा स्वस्थ व्यक्तित्व के लिए योग को दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने का अनुरोध किया। प्राध्यापिका, डा अर्चना कुशवाहा द्वारा आमंत्रित योग विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये तथा अंत में सभी का आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में संचार निदेशालय के वीडियो एवं फोटो अनुभाग के कर्मचारियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पंतनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में विभिन्न आसन करवाते योगाचार्य एवं साथ में योग करते उपस्थित अधिकारी व परिसरवासी।